निगमायुक्त महाबीर प्रसाद ने प्रबुद्ध नागरिकों के साथ की बैठक

# मैराथन में भाग लेने वाले धावकों का होगा ऐतिहासिक एवं भव्य स्वागतः प्रसाद

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में 26 जुलाई को नशे के खिलाफ जागरूकता के लिए होगी दौड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में 26 जुलाई को नशे के खिलाफ आयोजित होने वाली भव्य मैराथन दौड़ में अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए प्रशासनिक तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी के चलते नगर कार्यालय में विभिन्न सामाजिक, धार्मिक, स्वयं सेवी, गैर सरकारी संस्थाओं और प्रबुद्ध नागरिकों के प्रतिनिधियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता निगमायुक्त महाबीर प्रसाद ने की। निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद ने बैठक में सभी संस्थाओं के प्रतिनिधियों से इस पुनीत कार्य में बढ़ चढ़कर सहयोग करने की अपील की। उन्होंने रैडक्रास सोसायटी के सहयोग से मैराथन के पूरे रूट पर जगह जगह स्वागत व जलपान स्टॉल लगाए जाने का आहवान किया।

उन्होंने बताया कि इन स्टॉलों पर धावकों के लिए शुद्ध पेयजल, नींबू पानी व अन्य ऊर्जादायक पेय पदार्थों की व्यवस्था की जाएगी। इसके अलावा मैराथन में दौड़ रहे धावकों को भी सुरक्षा देने का काम किया जाएगा। निगमायुक्त महाबीर प्रसाद ने कहा कि शहर की जनता मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और मैराथन में भाग लेने वाले हजारों धावकों का ऐतिहासिक व भव्य स्वागत करेगी। बैठक के दौरान उन्होंने सभी प्रतिनिधियों के सुझाव सुने। बैठक में उपस्थित सभी सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने प्रशासन को आश्वस्त किया कि वे इस मैराथन को सफल बनाने के लिए तन मन धन से जुटेंगे।



यमुनानगर। निगम कार्यालय में आयोजित सामाजिक एवं अन्य संस्थाओं के प्रतिनिधियों की बैठक में मैराथन दौड़ को लेकर दिशा निर्देश देते हुए निगमायुक्त महाबीर प्रसाद। *फोटो : हरिभूमि*

> निगमायुक्त ने सभी संस्थाओं के प्रतिनिधियों से इस पुनीत कार्य में सहयोग करने की अपील की

### दस किलोमीटर की होगी दौड़

नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद ने बताया कि यह ऐतिहासिक मैराथन दौड़ 26 जुलाई को जगाधरी के मटका चौक से सुबह साव पांच बजे शुरू होगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी स्वयं इस दौड़ को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे और युवाओं का हौसला बढ़ाएंगे। कुल 10 किलोमीटर लंबी इस मैराथन दौड़ में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेताओं को पुरस्कृत भी किया जाएगा। दौड़ में पहले दस स्थानों पर आने वाले युवक और युवतियों को मंच पर विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा।बैठक में रैडक्रास सोसायटी के सचिव संजीव धीमान, कार्यक्रम अधिकारी शीशपाल सिंह सोही, जिला प्रशिक्षण अधिकारी शशि भूषण, लेखाकार जसबीर सिंह, संत निरंकारी मिशन यमुनानगर के संयोजक बलदेव सिंह, सड़क सुरक्षा संगठन के प्रधान अवतार सिंह चुघ व स्माइल फाउंडेशन के प्रधान संजीव मेहता आदि मौजूद रहे।

एसोसिएशन प्रधान दविंदर मेहता ने किया कार्यक्रम का शुभारंभ

# पौधे लगाना और उनका संरक्षण करना प्रत्येक नागरिक का दायित्व : मेहता

> ग्रीन पार्क कॉलोनी वेलफेयर एसोसिएशन यमुनानगर द्वारा पार्क में पौधरोपण कार्यक्रम का किया गया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर



यमुनानगर। ग्रीन पार्क में पौधरोपण करते एसोसिएशन के सदस्य।

ग्रीन पार्क कॉलोनी वेलफेयर एसोसिएशन यमुनानगर द्वारा वीरवार को ग्रीन पार्क में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत अलग अलग किस्म के फलदार, छायादार व औषधीय पौधे लगाए गए। मौके पर एसोसिएशन के सदस्यों ने पौधो का संरक्षण करने की भी शपथ ली। कार्यक्रम का शुभारंभ एसोसिएशन के प्रधान दविंदर मेहता ने पौधा लगाकर किया।

एसोसिएशन के प्रधान दविंदर मेहता ने बताया कि समय समय पर एसोसिएशन द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। ताकि ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाकर पर्यावरण को बढ़ावा दिया जा सके। उन्होंने कहा कि पौधरोपण से हमें शुद्ध ऑक्सीजन और फल फूल मिलते हैं। पर्यावरण को ठंडक मिलती है। वायु व ध्वनि प्रदूषण कम होता है। इससे मिट्टी का कटाव रुकता है। इसके अलावा पेड़ वन्यजीवों को आश्रय देते हैं। जलवायु परिवर्तन से लड़ने में मदद करते हैं और आसपास के प्राकृतिक सौंदर्य को बढ़ाते हैं। मेहता ने कहा कि लगातार वृक्षों की कमी के कारण तापमान में वृद्धि हो रही है। ऐसे समय में प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह अधिक से अधिक पौधे लगाए और उनका संरक्षण भी सुनिश्चित करे। भारत विकास परिषद के प्रांतीय पदाधिकारी डॉक्टर हर्ष शर्मा, जगदीश मित्र दत्ता, विनोद सेठी, सुभाष दत्ता,नरेश मेहता व अशोक मक्कड़ ने कहा कि इस प्राकृतिक वातावरण को बचाए रखने के लिए वृक्षारोपण अवश्य करना चाहिए। यदि समय रहते ही प्राकतिक को नहीं बचाया गया तो आने वाले दिनों में पृथ्वी पर निवास करने वालो को जल एवं वायु संकट से जूझना पड़ेगा।

### प्रदूषण रोकने के लिए पेड़ पौधे लगाना जरूरी

एसोसिएशन के ओम प्रकाश भाटिया,नरेश नागपाल, संजय मित्तल, धीर सिंह सैनी,राजेश विनायक व सिकंदर सिंह ने कहा कि पर्यावरण से प्रदूषण को रोकना है तो पेड़ पौधे लगाना अति आवश्यक है। वहीं, कालोनी निवासी अरुण आहूजा, हरीश डांग, बॉबी वोहरा, लाखन सिंह व अशोक कुमार मित्तल ने कहा कि पेड़ पौधे इस धरा के अनमोल आभूषण होते हैं। उनसे ही मनुष्य का जीवन आगे बढ़ता है। इनके अभाव में जीवन संभव नहीं है। प्रत्येक व्यक्ति को चाहिए कि पेड़ पौधे अवश्य लगाएं। साथ ही उनकी रक्षा करें।

## पति से झगड़े के बाद सात वर्षीय बेटे को साथ लेकर महिला लापता

**यमुनानगर।** गांव काबूलपुर से एक महिला अपने सात बर्षीय बेटे के साथ संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। महिला के पति ने इसकी शिकायत पुलिस को दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर दोनों की तलाश शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार पुलिस चौकी खेड़ी लक्खा सिंह में दी शिकायत में काबूलपुर निवासी बलदेव राज ने बताया कि वह सुढ़ैल स्थित एक निजी फैक्ट्री में नौकरी करता है। उसकी पहली पत्नी रीना से करीब 14 वर्ष पहले तलाक हो गया था। इसके बाद वर्ष 2018 में उसकी शादी गांव जलबाना निवासी राधा रानी से हुई थी। इस शादी से उनका सात वर्षीय बेटा अगम है। 12 जुलाई को उसकी पत्नी से किसी घरेलू बात को लेकर कहासुनी हुई थी। अगले दिन 13 जुलाई को वह सुबह करीब साढ़े सात बजे ड्यूटी पर चला गया।

# शिविर में छात्राओं को अच्छे-बुरे स्पर्श और साइबर सुरक्षा की जानकारी दी

- महाराजा अग्रसेन स्कूल गुमथला में हुआ जागरूकता शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर



महाराजा अग्रसेन सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल गुमथला राव में वीरवार को छात्राओं के लिए गर्ल्स अवेयरनेस कैंप का आयोजन किया गया। जागरूकता शिविर का संचालन राहुल सैनी की देखरेख में किया गया।

राहुल सैनी ने छात्राओं को व्यक्तिगत सुरक्षा, आत्म विश्वास, अच्छे व बुरे स्पर्श साइबर सुरक्षा तथा अपने अधिकारों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने छात्रों को समझाया कि यदि उनके साथ कभी कोई अनुचित व्यवहार हो या किसी परेशानी का सामना करें तो वे बिना किसी डर या झिझक के अपने माता-पिता, शिक्षकों या किसी विश्वसनीय बड़े व्यक्ति से खुलकर बात करें। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ.सुदेश बंसल ने बताया कि छात्राओं की सुरक्षा आत्मविश्वास और जागरूकता हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस अवसर पर विशा कांबोज, नेहा सिंगला, निशा सलूजा, अरुण सैनी आदि मौजूद रहे।

# सबसे अधिक सक्रिय वार्ड समिति को किया जाएगा सम्मानित

- जगाधरी में वार्ड समितियों की बैठक का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर



यमुनानगर। वार्ड समितियों की बैठक में संबोधित करते हुए मेयर सुमन बहमनी।

ट्विन सिटी की वार्ड समितियों के सदस्यों की बैठक जगाधरी के रिसॉर्ट में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता नगर निगम की मेयर सुमन बहमनी ने की। बैठक में वार्ड समितियों के सचिव एवं सभी वार्ड पार्षद, समिति सदस्यों, स्वच्छ भारत मिशन शहरी व नगर निगम अधिकारियों ने भाग लिया।

मेयर सुमन बहमनी ने कहा कि वार्ड समितियों की सक्रिय भागीदारी से शहर के विकास कार्यों को नई गति मिलेगी। नगर निगम का लक्ष्य शहर को स्वच्छ, सुंदर और विकसित बनाना है तथा नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। इसके लिए सभी 'वार्ड समितियों का सहयोग जरूरी है। इसलिए वार्ड समितियां अपने वार्ड में ग्राउंड लेवल पर काम करें। वार्ड की समस्याओं को उजागर कर उनका समाधान कराएं।

सभी समिति सचिव एवं पार्षद अपने कार्यालय में रजिस्टर रखें। जिसमें वार्ड समिति की बैठकों के निर्णय, सुझाव व वार्ड की मुख्य समस्याएं लिखे। इन समस्याओं को सदन की बैठक व उच्च अधिकारियों के समक्ष रखें। उन्हें प्राथमिकता दी जाएगी। सबसे अधिक सक्रिय वार्ड समिति को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सम्मानित करेंगे। उन्होंने नागरिकों से भी विकास एवं स्वच्छता अभियानों में बढ़ चढ़कर भाग लेने की अपील की।

### वार्ड समितियों को बताए उनके दायित्व

अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार ने वार्ड समिति सदस्यों को उनके अधिकारों, दायित्वों और जिम्मेदारियों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वार्ड समितियां स्थानीय प्रशासन और नागरिकों के बीच महत्वपूर्ण कड़ी हैं। इनके माध्यम से क्षेत्र की समस्याओं की पहचान कर उनका समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जा सकता है। उन्होंने स्वच्छता, जल निकासी, सड़क मरम्मत, पार्कों के रखरखाव तथा अन्य नागरिक सुविधाओं से जुड़े कार्यों में समितियों की सक्रिय भूमिका पर बल दिया। मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगी अभिश्रूति ने वार्ड समितियों की कार्यप्रणाली, जिम्मेदारियों और भविष्य की कार्ययोजना पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वार्ड समितियां क्षेत्रीय आवश्यकताओं के अनुरूप योजनाओं के निर्माण और क्रियान्वयन में अहम भूमिका निभा सकती हैं। साथ ही स्थानीय समस्याओं के समाधान के लिए जनसहभागिता बढ़ाने और नियमित संवाद बनाए रखने पर जोर दिया।



## पेंडिंग कार्य को जल्द करें पूराः प्रीति

**यमुनानगर।** जिले के कलेसर नेशनल पार्क के जोनल मास्टर प्लान को लेकर लघु सचिवालय में प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। उपायुक्त प्रीति ने अधिकारियों को मास्टर प्लान को लेकर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पार्क के जोनल मास्टर प्लान कार्य को गंभीरता से लेकर उसे जल्द पूरा करें। उपायुक्त ने बैठक में प्रदूषण बोर्ड, वन विभाग, जिला नगर योजनाकार व एनएचआई के अधिकारियों को निर्देश दिए कि नेशनल पार्क के जोनल मास्टर प्लान के तहत जिन विभागों के कार्य पेंडिंग हैं। उन्हें जल्द से जल्द पूरा कर लें। उन्होंने कहा कि पार्क के जोनल मास्टर प्लान के कार्य को गंभीरता से लें और उसे जल्द पूरा करें। इस अवसर पर एसडीएम छछरौली जसपाल सिंह गिल, डीएफओ संदीप सिंह, डीडीपीओ नरेन्द्र सिंह, डीआरओ तरुण सहोता, डिप्टी सीईओ जसविंद्र सिंह, समाजसेवी चिरान सिंघल, डॉ. केआर भारद्वाज, राजीव कांबोज, बलजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

# भोपाल सिंह को अधिकारी बनाने पर दी बधाई

- भाजपा कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री का जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर



रादौर। भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ मुख्यमंत्री के विशेष शिकायत निवारण अधिकारी भोपाल खदरी को बुके भेंटकर अभिनंदन करते हुए।

हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के पूर्व चेयरमैन भोपाल सिंह खदरी को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का विशेष शिकायत निवारण अधिकारी नियुक्त किए जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने खुशी जताई है। भाजपा कार्यकर्ताओं के प्रतिनिधिमंडल ने दी यमुनानगर केंद्रीय सहकारी बैंक के चेयरमैन धर्म सिंह बंचल के नेतृत्व में भोपाल सिंह खदरी के कार्यालय में पहुंचकर उन्हें बुके भेंटकर अभिनंदन किया और मिठाई खिलाकर मुंह मीठा करवाया।

इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने भोपाल सिंह खदरी के शिकायत निवारण अधिकारी बनाए जाने पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार जताया है। भाजपा कार्यकर्ताओं के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे दी यमुनानगर केंद्रीय सहकारी बैंक के चेयरमैन धर्म सिंह बंचल ने कहा कि भोपाल सिंह खदरी को विशेष शिकायत निवारण अधिकारी नियुक्त किए जाने से जिले के लोगों की शिकायतों का जल्द समाधान होने की उम्मीद बंधी है।

### सराहनीय फैसला


उन्होंने कहा कि सरकार का यह फैसला सराहनीय है। जिसकी जितनी प्रशंसा की जाए कम है। धर्म सिंह बंचल ने कहा कि इससे पहले भोपाल सिंह खदरी हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के चेयरमैन रह चुके हैं। जिन्होंने अपनी कर्मठता का परिचय देते हुए सराहनीय कार्य किया है। अब भी लोगों को भोपाल सिंह खदरी से काफी उम्मीदें हैं।

## अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**करनाल।** जिला पुलिस करनाल द्वारा अवैध शराब की तस्करी और बिक्री पर रोक लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत अपराध अन्वेषण शाखा (सीआईए) असंध की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से करीब 600 बोतल अवैध शराब बरामद की है।

सीआईए असंध प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार ने बताया कि सहायक उप निरीक्षक खेमचंद, मुख्य सिपाही राजिंदर और सत्यवान की संयुक्त टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर गांव राहड़ा निवासी लोकेश पुत्र महासिंह को विधि अनुसार गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 438 बोतल बीयर, 99 बोतल अंग्रेजी शराब तथा 57 बोतल देशी शराब बरामद हुई।

# राष्ट्र हित के लिए युवाओं में परिवर्तन लाना जरूरीः रावत




- सत्यार्थ ग्रुप आफ इंडिया रादौर में नि:स्वार्थ दान ही सर्वोत्तम विषय पर आयोजित किया आनलाइन संवाद कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर

सत्यार्थ ग्रुप ऑफ इंडिया रादौर के तत्वावधान में वीरवार को निःस्वार्थ दान ही सर्वोत्तम विषय पर ऑनलाइन दा सत्यार्थ संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रुप में मैक्स अस्पताल देहरादून के एडमिनिस्ट्रेशन हैड नरेंद्र सिंह रावत ने भाग लिया। जबकि अध्यक्षता सत्यार्थ ग्रुप के संस्थापक एवं चेयरमैन डॉ. सौरभ आर्य ने की। इस दौरान विशिष्ठ अतिथि के रुप में ग्रुप के मुख्य संरक्षक सुशील भाटिया चंडीगढ़ मौजूद रहे। मुख्य वक्ता एवं मैक्स अस्पताल देहरादून के एडमिनिस्ट्रेशन हैड नरेंद्र सिंह रावत ने कहा की दान का कर्मयोगी भाव हमारे जीवन में हमे स्वार्थ की संकुचित सोच से दूर करता है। दान निःस्वार्थ जीवन जीने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि आज के युवाओं में परिवर्तन लाना जरूरी है और उन्हें समाज, राष्ट्र व विश्व हित सेवाओं समेत निःस्वार्थ भाव से दान सेवाओं के नैतिक संस्कार देना अत्यंत अनिवार्य है। क्योंकि इससे मानवता और इंसानियत की प्रेरणा पैदा होती है।

### निःस्वार्थ दान का वास्तविक स्वरूप

उन्होंने कहा कि यह सामाजिक यात्रा कभी भी रुकनी नहीं चाहिए। इंटरनेशनल हुमन राइट्स काउंसिल के स्टेट कोऑर्डिनेटर उत्तर प्रदेश एडवोकेट कमलेश गौतम ने कहा कि प्राचीन परंपरा है कि दाहिने हाथ से दिया हुए दान को बाएं हाथ को भी पता नहीं लगना चाहिए। यही निःस्वार्थ दान का वास्तविक स्वरूप है। इस दौरान भारतीय रेलवे विभाग से सेवानिवृत दीपक जरगर नागपुर सर्विसेज कंपनी के सीईओ एवं मोटिवेशनल स्पीकर लालू कुमार पटना बिहार, नेपाल रेडियो से सेवानिवृत जर्नलिस्ट किशोर शर्मा सेडाई व नेरोबी से पंडित रामकृष्ण आचार्य ने भी अपने विचार प्रक्ट किए। इस अवसर पर रादौर के गायक दीपक देव ने ऐसी लागी लगन और तोहरा मन दर्पण, लोदीपुर से भजन उपदेशक कुलदीप आर्य ने भर दे सबकी झोलियां और गगन समझे चांद सुखी, ग्रेटर नोएडा से गायिका पुष्पा वर्मा ने प्रभु मेरी लागी लगन मत तोड़ना काव्यात्मक गीत सुनाकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। संवाद कार्यक्रम में अन्य प्रदेशों से विद्धावनों ने अपने विचार व्यक्त किए।

कृषि मंत्री ने रादौर क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित इलाकों का किया दौरा

# किसानों के हितों की रक्षा के लिए सरकार प्रतिबद्ध : राणा

*यमुना नदी किनारे चल रहे बाढ़ रोकथाम के इंतजामों का निरीक्षण किया*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर



रादौर। बाढ़ प्रभावित इलाके में यमुना नदी पर चल रहे बाढ़ रोकथाम के इंतजामों का निरीक्षण करते हुए कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा व अन्य।

हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने रादौर क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित गांव नगला रांगड़ान, गुमथला, पोबरी एवं कमालपुर टापू आदि का दौरा कर यमुना नदी किनारे चल रहे बाढ़ रोकथाम के इंतजामों का निरीक्षण किया। मौके पर उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं भी सुनी और अधिकारियों को बाढ़ रोकथाम के इंतजामों को निर्धारित समय सीमा में पूरे किए जाने के निर्देश दिए।

### अधिकारी गंभीरता दिखाएं

कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि यमुना नदी के किनारों पर चल रहे तटबंधों से जुड़े सभी कार्यों को पूरा करने में अधिकारी गंभीरता दिखाएं। ताकि वर्षा ऋतु के दौरान किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा या नुकसान का सामना न करना पड़े। उन्होंने अधिकारियों को किसानों द्वारा उठाई जा रही सभी समस्याओं एवं शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों के हितों की रक्षा के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है और उनकी सुविधा तथा फसलों की सुरक्षा के संबंध में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। वहीं, अधिकारियों को क्षेत्र का नियमित निरीक्षण करने, तटबंधों की स्थिति पर सतत निगरानी रखने तथा आवश्यकता पड़ने पर तत्काल प्रभाव से आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की किसानों की सुरक्षा, उनकी फसलों की रक्षा और क्षेत्र का समग्र विकास हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस अवसर पर एसडीएम नरेंद्र कुमार, बीडीपीओ रादौर सिमरन भटनागर ,इरिगेशन विभाग के कार्यकारी अभियंता राहिल सैनी, जसविंदर हुड्डा, आदेश राणा, उन्हेड़ी के सरपंच प्रतिनिधि मोहित राणा, वीर सिंह सरपंच प्रतिनिधि जठलाना, प्रवीण सरपंच गुमथला, सचिन पाल, विकास कमालपुर व सुभाष राणा कमालपुर आदि लोग मौजूद रहे।

## मोदी वर्चुअल माध्यम से नागरिकों को समर्पित करेंगे रेलवे एलिवेटेड ट्रैक, शहर के ऊपर से दौड़ेगी ट्रेन


# आज कुरुक्षेत्र के लिए होगा ऐतिहासिक विकास परियोजनाओं की मिलेगी सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

17 जुलाई को धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र ऐतिहासिक सौगातों का साक्षी बनेगा और विकास को नए आयाम मिलेंगे। इस धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र को 17 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी जींद से वर्चुअल माध्यम से रेलवे एलिवेटेड ट्रैक का उदघाटन करेंगे। इसके अलावा गांव उमरी में बनने वाले सिख संग्रहालय परियोजना का शिलान्यास भी करेंगे। अहम पहलू यह है कि यह कार्यक्रम कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम हॉल में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी इन परियोजनाओं का 17 जुलाई को जींद से ऑनलाइन प्रणाली के माध्यम से उद्घाटन व शिलान्यास करेंगे। इस कार्यक्रम को लेकर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम हॉल में सुबह 10 बजे जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन होगा। इस कार्यक्रम में सांसद नवीन जिंदल मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे, हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्षा सुमन सैनी व हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, चेयरमैन सुभाष कलसाना, सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच, चेयरमैन गुरनाम सैनी, चेयरमैन रविन्द्र सांगवान, भाजपा के वरिष्ठ नेता जयभगवान शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। इस कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा व्यवस्था के लिहाज से तैयारियां की गई है और विभागीय अधिकारियों की ड्यूटियां लगाई गई है। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि इस प्रोजेक्ट के पूरा होने से शहर के लोगों और बाहर से शहर में आने वाले नागरिकों को बहुत बड़ा लाभ होगा। शहर की पांच रेलवे क्रॉसिंग के ऊपर से रेलवे एलिवेटिड ट्रैक तैयार किया गया है। अब रेलगाड़ी ऊपर की पटरी से होकर गुजरा करेगी और नीचे वाहनों के लिए मार्ग 24 घंटे खुला रहेगा। ऐसा होने से वाहन चालकों को जाम में नहीं फंसना पड़ेगा और सबसे बड़ी बात व्यापार में वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम को लेकर प्रशासन की तरफ से सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है तथा इसके लिए सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए है। इस शहर के साथ लगते गांव उमरी की जमीन पर सिख संग्रहालय की परियोजना का शिलान्यास भी किया जाएगा। इस सिख संग्रहालय में दस गुरुओं के इतिहास को दर्शाया जाएगा।



कुरुक्षेत्र। रेलवे विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों व एसडीएम थानेसर के साथ विस्तृत बैठक कर व्यवस्थाओं की समीक्षा करते सुभाष सुधा।




कुरुक्षेत्र। एलिवेटेड ट्रैक पर बना थानेसर शहर रेलवे स्टेशन।

### देश का पहला एलिवेटेड रेलवे स्टेशन, जहां प्लेटफॉर्म एलिवेटेड ट्रैक के ऊपर बनाया

हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि 17 जुलाई कुरुक्षेत्र के लिए ऐतिहासिक और गौरवशाली दिन साबित होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हरियाणा और कुरुक्षेत्र को कई महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे। उन्होंने बताया कि उद्घाटन समारोह की तैयारियों को लेकर रेलवे विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों और एसडीएम थानेसर के साथ विस्तृत बैठक कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। सुभाष सुधा ने बताया कि रेलवे अधिकारियों ने जानकारी दी है कि एलिवेटेड ट्रैक के नीचे से गुजरने वाले मार्गों को आमजन और वाहन चालकों की सुविधा के अनुरूप और अधिक सुगम बनाया जा रहा है। फाटक संख्या-65 (पुराना बस अड्डा) पर करीब 5.5 फीट, फाटक संख्या-64 (बाजार मार्ग) पर 2.5 फीट तथा फाटक संख्या-63 (बिरला मंदिर के समीप) पर लगभग 1.5 फीट का स्लोप तैयार किया जाएगा, ताकि छोटे-बड़े सभी वाहनों का आवागमन आसानी से हो सके। उन्होंने बताया कि एलिवेटेड ट्रैक के नीचे रेलवे निरीक्षण के लिए बनाए गए पासेज, जो यातायात में बाधा बन रहे हैं, उन्हें भी आवश्यकतानुसार हटाकर दुरुस्त किया जाएगा। अधिकारियों के अनुसार परियोजना में 45 प्रतिशत वित्तीय योगदान भारतीय रेलवे और 55 प्रतिशत हरियाणा सरकार का है।

### एलिवेटेड ट्रैक के प्रमुख पुलों को फूलों से सजाया जाएगा

उन्होंने बताया कि उद्घाटन समारोह को भव्य बनाने के लिए एलिवेटेड ट्रैक के प्रमुख पुलों को फूलों से सजाया जाएगा। थानेसर सिटी रेलवे स्टेशन को विशेष रोशनी से सजाया जाएगा तथा ढोल-नगाड़ों, पुष्पवर्षा और आतिशबाजी के साथ ऐतिहासिक कार्यक्रम का स्वागत किया जाएगा। पूर्व राज्यमंत्री ने कहा कि इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हरियाणा को देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन भी समर्पित करेंगे, जो स्वच्छ ऊर्जा आधारित रेलवे तकनीक की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। साथ ही लगभग तीन एकड़ भूमि पर बनने वाले सिख म्यूजियम का शिलान्यास भी किया जाएगा, जो सिख इतिहास, परंपरा और कुरुक्षेत्र से जुड़े दसों सिख गुरुओं की स्मृतियों को समर्पित होगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है और 17 जुलाई का कार्यक्रम इसी विकास यात्रा का महत्वपूर्ण पड़ाव बनेगा।

## स्वच्छता को जनआंदोलन बनाना हम सब की जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहबाद



शाहबाद। स्वच्छता अभियान चलाते चेयरमैन सुभाष कलसाना व भाजपा कार्यकर्ता।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हरियाणा आगमन के अवसर पर प्रदेशभर में चलाए जा रहे स्वच्छता ही स्वागत अभियान के तहत शुक्रवार को शाहाबाद के हॉकी स्टेडियम के बाहर विशेष स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया। अभियान का शुभारंभ हरियाणा राज्य सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के चेयरमैन सुभाष कलसाना ने किया। इस दौरान जनप्रतिनिधियों, भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों ने स्वयं सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। सुभाष कलसाना ने कहा कि स्वच्छता किसी एक दिन का कार्यक्रम नहीं बल्कि समाज के प्रति हमारी निरंतर जिम्मेदारी है। शहर की पहचान केवल विकास कार्यों से नहीं, बल्कि उसकी साफ-सफाई और अनुशासन से भी होती है।

उन्होंने कहा कि जब हर नागरिक अपने घर के साथ-साथ सार्वजनिक स्थानों को भी अपना समझकर स्वच्छ रखेगा, तभी स्वच्छ और सुंदर भारत का सपना साकार होगा। सुभाष कलसाना ने बताया कि 17 जुली को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जींद में हइड्रोजन ट्रेन को हरी झंडी दिखायेंगे और वही से वर्चुअल माध्यम के जरिये थानेसर के एलिवेटेड रेलवे ट्रैक तथा उमरी में बने सिख संग्रहालय का उद्घाटन करेंगे जो पूरे हरियाणा के लिए ऐतिहासिक पल होंगे। उन्होंने लोगो को प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का न्योता भी दिया। इस अवसर पर पार्षद ईशु सचदेवा ने कहा कि स्वच्छ वातावरण आने वाली पीढ़ियों के लिए सबसे बड़ी सौगात है।

### जींद रैली का घर-घर जाकर दिया निमंत्रण



पिहोवा। जींद में आयोजित होने वाली प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रस्तावित ऐतिहासिक रैली को लेकर भारतीय जनता पार्टी का जनसंपर्क अभियान लगातार तेज हो गया है। भाजपा के वरिष्ठ नेता पंडित जय भगवान शर्मा (डीडी), जिला परिषद चेयरपर्सन कँवलजीत कौर तथा बाखली मंडल अध्यक्ष सुखबीर सिंह इस्हाक ने गांव-गांव और शहरों में पहुंचकर लोगों को रैली का निमंत्रण दिया। इस दौरान उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में जींद पहुंचकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संबोधन सुनने और रैली को ऐतिहासिक बनाने की अपील की। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता पंडित जय भगवान शर्मा (डीडी) ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व पटल पर नई पहचान बना रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने पिछले वर्षों में गरीब कल्याण, किसानों के उत्थान, महिलाओं के सशक्तिकरण, युवाओं को रोजगार के अवसर, आधुनिक बुनियादी ढांचे, डिजिटल इंडिया और आत्मनिर्भर भारत जैसे अनेक ऐतिहासिक कार्य किए हैं। जिला परिषद चेयरपर्सन कंवलजीत कौर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण की राजनीति को नई दिशा दी है।



### प्रधानमंत्री 17 जुलाई का दौरा हरियाणा के विकास को देगा नई रफ्तार : सुभाष सुधा

कुरुक्षेत्र। हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का 17 जुलाई को जींद आगमन हरियाणा के विकास इतिहास में एक महत्वपूर्ण पड़ाव साबित होगा। प्रधानमंत्री जींद की धरती से प्रदेश को हजारों करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे और देश की पहली हाइड्रोजन आधारित ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर भारत को हरित एवं आधुनिक परिवहन के नए युग में प्रवेश कराएंगे। इसके साथ ही कुरुक्षेत्र के एलिवेटेड रेलवे ट्रैक व स्टेशन को उद्घाटन और सिख संग्रहालय का शिलान्यास किया जाएगा। इस एलिवेटेड रेलवे ट्रैक को लेकर आमजन, कार्यकतार्ओं में भरपूर जोश और उत्साह है। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा बुधवार को पंचायती अखाडा में सिख म्यूजियम के होने वाले कार्यक्रम को लेकर आयोजित सभा में बोल रहे थे।

### विजय गर्ग बने अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन द्वारा संचालित अग्रमठ के प्रदेश मंत्री



कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र के समाजसेवी, अग्रवाल समाज की गतिविधियों में सक्रिय एवम श्री अग्रसेन यूथ एसोसिएशन (पंजी.) कुरुक्षेत्र के पूर्व अध्यक्ष विजय गर्ग को अग्रमठ का मंत्री नियुक्त किया गया है। अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन द्वारा संचालित अग्रमठ के हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष एवं दिल्ली, राजस्थान व उत्तर प्रदेश के प्रभारी सुरेंद्र अग्रवाल ने विजय गर्ग को अग्रमठ का प्रदेश मंत्री नियुक्त किया है। नवनियुक्त मंत्री विजय गर्ग ने अग्रमठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश गर्ग एवम हरियाणा प्रदेशाध्यक्ष सुरेंद्र अग्रवाल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह अपने दायित्व का निर्वहन ईमानदारी, निष्ठा एवं संगठन के उद्देश्यों के प्रति समर्पित होकर करेंगे। समाज एवं संगठन के उत्थान में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

## एलिवेटेड ट्रैक के प्रचार वाली 9 एलईडी स्क्रीन को शरारती तत्वों ने बनाया निशाना, डिस्प्ले बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

थानेसर एलिवेटेड रेलवे ट्रैक के उद्घाटन से पहले शहर में लगाए गए प्रचार बोर्डों को शरारती तत्वों ने निशाना बनाया। बुधवार देर रात अज्ञात लोगों ने शहर मे लगी 9 एलईडी डिस्प्ले स्क्रीन पर ईंट मारकर उसे क्षतिग्रस्त कर दिया, जिससे स्क्रीन का डिस्प्ले बंद हो गया। इन स्क्रीन को प्रधानमंत्री के स्वागत के लिए शहर के अलग-अलग जगहों पर लगाया गया था। यहां सब की सब 9 एलईडी स्क्रीन पर पथराव किया। इसमें 12 लाख रुपए से ज्यादा का नुकसान हुआ है। जानकारी के अनुसार, शहर में पिपली से लेकर थर्ड गेट तक कुल 9 डिजिटल एलईडी स्क्रीन लगाई गई हैं, जिन पर 17 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जींद से वर्चुअल माध्यम से किए जाने वाले थानेसर एलिवेटेड रेलवे ट्रैक के उद्घाटन और जनसभा से संबंधित प्रचार सामग्री प्रसारित की जा रही थी। घटना के बाद शहर में लगी सभी स्क्रीन पूरी तरह बंद हो गई। घटना उद्घाटन कार्यक्रम से ठीक एक दिन पहले होने के कारण प्रशासन और संबंधित विभागों में हलचल मच गई। क्षतिग्रस्त स्क्रीन को तत्काल ठीक कराने के प्रयास शुरू कर दिए गए हैं, ताकि उद्घाटन कार्यक्रम से पहले सभी डिस्प्ले बोर्ड सुचारु रूप से संचालित हो सकें।




कुरुक्षेत्र। एलईडी डिस्प्ले स्क्रीन पर पड़े र्इंट के निशान व बंद पड़ी डिस्पले।

## अघोषित बिजली कटौती से भड़के ग्रामीण, पावर हाउस का घेराव

### एसडीओ व जेई को जमीन पर बैठाकर सुनाई खरी-खोटी तीन घंटे तक चला हंगामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

पिहोवा क्षेत्र के गांव भैंसी माजरा में लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती के विरोध में बुधवार देर रात ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। बड़ी संख्या में ग्रामीण गांव के समीप स्थित बिजली पावर हाउस पहुंच गए और बिजली विभाग के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए पावर हाउस का घेराव कर दिया। प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचे ग्रामीण एसडीओ सुभाष कुमार और जेई आकाशदीप को अपने बीच जमीन पर बैठाकर जवाब मांगा। करीब तीन घंटे तक चले हंगामे के बाद अधिकारियों के आश्वासन पर मामला शांत हुआ। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पिछले कई दिनों से बिना किसी पूर्व सूचना के बार-बार बिजली कट लगाए जा रहे हैं। भीषण गर्मी और उमस के बीच रात के समय बिजली गुल होने से लोगों का घरों में रहना मुश्किल हो गया है।



कुरुक्षेत्र। कार्यालय में ग्रामीणों से बातचीत करते एसडीओ सुभाष कुमार।

#### एसडीओ ने दिया आश्वासन

एसडीओ सुभाष कुमार ने कहा कि भैंसी माजरा पावर हाउस में लाइनमैन और फोरमैन की तैनाती के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में लगने वाले बिजली कट स्थानीय स्तर पर नहीं, बल्कि पंचकूला स्थित कंट्रोल सेंटर के निदेर्शानुसार लगाए जाते हैं। अन्य आरोपों को उन्होंने निराधार बताते हुए कहा कि विभाग को इस संबंध में कोई औपचारिक शिकायत नहीं मिली है। आश्वासन के बाद ग्रामीण शांत हो गए, लेकिन चेतावनी दी यदि अघोषित बिजली कटौती पर शीघ्र रोक नहीं लगी तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा।

#### पावर हाउस में स्थायी लाइनमैन और फोरमैन की तैनाती नहीं

ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि भैंसी माजरा पावर हाउस में स्थायी लाइनमैन और फोरमैन की तैनाती नहीं है। पूरे क्षेत्र की बिजली व्यवस्था केवल एक ऑपरेटर के भरोसे चल रही है। ऐसे में लाइन टूटने या अन्य तकनीकी खराबी आने पर विभाग का कोई कर्मचारी समय पर नहीं पहुंचता और कई बार ग्रामीणों को खुद ही मरम्मत करनी पड़ती है। ग्रामीण प्रदीप ने बताया कि रात करीब नौ बजे से बिजली आपूर्ति बाधित हो जाती है। कई बार कुछ मिनट बिजली आने के बाद फिर लंबे समय तक कटौती कर दी जाती है। आरोप लगाया कि शिकायत के बावजूद जेई ने फोन नहीं उठाया, जबकि एसडीओ भी काफी देर बाद पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।

### खबर संक्षेप

#### एसपी ने थाना इस्माईलाबाद का किया औचक निरीक्षण

कुरुक्षेत्र। पुलिस अधीक्षक श्री चंद्र मोहन ने बुधवार देर रात थाना इस्माईलाबाद का औचक निरीक्षण कर पुलिस व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना परिसर, कार्यालय, मालखाना, रिकार्ड रूम, हवालात तथा अन्य महत्वपूर्ण शाखाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। इस दौरान ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों की उपस्थिति भी जांची गई। निरीक्षण के समय बिना अनुमति गैरहाजिर पाए गए 3 कर्मचारियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने मौके पर मौजूद स्टाफ से ड्यूटी रोस्टर, रात्रि गश्त और थाना स्तर पर की जा रही कार्रवाई की जानकारी भी ली।

#### यूएसएम की इंटर्नशिप रिपोर्ट 2026-27 का विमोचन

थानेसर। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मैनेजमेंट (यूएसएम) द्वारा तैयार इंटर्नशिप रिपोर्ट 2026-27ळळ का विमोचन गुरुवार को कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने किया। यह रिपोर्ट विद्यार्थियों की इंटर्नशिप उपलब्धियों, उद्योग जगत के साथ विभाग की सहभागिता, प्रशिक्षण गतिविधियों तथा रोजगारोन्मुखी प्रयासों का विस्तृत दस्तावेज है। इस अवसर पर कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि इंटर्नशिप विद्यार्थियों को पुस्तकीय ज्ञान से आगे बढ़कर वास्तविक कार्यस्थल के अनुभव से जोड़ती है। इससे उनमें व्यावसायिक दक्षता, समस्या समाधान क्षमता, नेतृत्व कौशल तथा आत्मविश्वास का विकास होता है।

## प्रदेश कांग्रेस प्रभारी संजय दत्त एवं अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह 21-22 जुलाई को कुरुक्षेत्र दौरे पर

- जिला कांग्रेस कार्यालय में विधानसभावार बैठकों के जरिए संगठन की करेंगे समीक्षा : मेवा सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। जिला कांग्रेस कार्यालय में जानकारी देते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष मेवा सिंह एवं अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता।

हरियाणा कांग्रेस के प्रभारी संजय दत्त एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह 21 और 22 जुलाई को कुरुक्षेत्र प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान दोनों वरिष्ठ नेता जिला कांग्रेस कार्यालय में विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों के पार्टी पदाधिकारियों, नेताओं एवं कार्यकतार्ओं के साथ संगठनात्मक बैठकें करेंगे। यह जानकारी जिला कांग्रेस अध्यक्ष मेवा सिंह ने दी। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि 21जुलाई को दोपहर 3:45 बजे से 5:30 बजे तक जिला कांग्रेस कार्यालय, कुरुक्षेत्र में डीसीसी कार्यकारिणी की सदस्यों से मिलेंगे।इसके बाद शाम 5:30 बजे से 7:30 बजे तक शाहाबाद (एससी) विधानसभा तथा 7:30 बजे से 9:30 बजे तक थानेसर विधानसभा के नेताओं, पदाधिकारियों एवं कार्यकतार्ओं के साथ अलग-अलग संवाद करेंगे। बैठक में प्रभारी संजय दत्त एवं प्रदेशाध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह संगठनात्मक कार्यों एवं एसआईआर (रकफ) की समीक्षा करेंगे।वही 22 जुलाई को सुबह 8:30 बजे से 10:30 बजे तक पिहोवा विधानसभा, जबकि 10:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक लाडवा विधानसभा के नेताओं एवं कार्यकतार्ओं के साथ बैठक होगी।



कुरुक्षेत्र। जिला कांग्रेस कार्यालय में जानकारी देते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष मेवा सिंह एवं अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता।

### जलभराव जैसी स्थिति से बचाव के लिए अधिकारियों को दिए दिशा निर्देश

पिहोवा। उपमंडल अधिकारी नागरिक गुरविंदर सिंह ने कहा कि हिमाचल व उत्तरी क्षेत्र में हो रही बारिश के कारण मारकंडा नदी का जलस्तर बढ़ रहा है। अभी तक स्थिति बिल्कुल सामान्य है और किसी प्रकार का खतरा नहीं है। एसडीएम गुरविंदर सिंह ने वीरवार को गांव जलबेडा व झांसा मारकण्डा का निरीक्षण किया। उन्होंने इस मौके पर अधिकारिओ को उचित दिशा निर्देश दिए। एसडीएम गुरविंद्र सिंह ने अधिकारियों को बाढ जैसी स्थिति से निपटने के दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि यदि भारी मात्रा में बरसाती पानी से मारकण्डा नदी का जल स्तर बढ़ता है तो पिहोवा उपमंडल में भी बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

## मिड-डे मील वर्कर्स 18 जुलाई को ताज पार्क में करेंगे जिला स्तरीय प्रदर्शन

- 4 अगस्त के महापड़ाव का सौंपेंगे नोटिस

कुरुक्षेत्र। मिड-डे मील वर्कर्स यूनियन हरियाणा ने अपनी लंबित मांगों को लेकर आंदोलन तेज करने का ऐलान किया है। यूनियन के राज्य कमेटी सदस्य एवं जिला सचिव अनिल कुमार ने बताया कि 18 जुलाई को दोपहर 1 बजे ताज पार्क, कुरुक्षेत्र में जिला स्तरीय प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान प्रशासन को 4 अगस्त को कुरुक्षेत्र में प्रस्तावित राज्य स्तरीय हड़ताल एवं महापड़ाव का औपचारिक नोटिस भी सौंपा जाएगा। अनिल कुमार ने आरोप लगाया कि सरकार लंबे समय से मिड-डे मील वर्कर्स की जायज मांगों की अनदेखी कर रही है। उन्होंने कहा कि बढ़ती महंगाई के दौर में मात्र 7 हजार रुपये मासिक मानदेय पर कार्यरत महिलाओं के लिए परिवार का भरण-पोषण करना कठिन हो गया है। स्कूल खुलने से लेकर छुट्टी तक सेवाएं देने के बावजूद उन्हें न्यूनतम वेतन तक नहीं मिल रहा। उन्होंने बताया कि यूनियन की प्रमुख मांगों में मिड-डे मील वर्कर्स को सरकारी कर्मचारी का दर्जा देना, हरियाणा का न्यूनतम वेतन लागू करना, पूरे 12 माह का मानदेय देना, चिकित्सा सुविधा, सवैतनिक अवकाश और सेवानिवृत्ति लाभ उपलब्ध कराना शामिल हैं। इसके अलावा प्रति 25 बच्चों पर दो रसोइयों की नियुक्ति, सेवानिवृत्ति आयु 65 वर्ष करना, ड्रेस भत्ता बढ़ाना, रसोईघरों में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करना, सेवानिवृत्ति पर 5 लाख रुपये की सहायता राशि, मृत्यु की स्थिति में परिवार को 5 लाख रुपये का मुआवजा तथा हटाई गई वर्कर्स की पुनर्बहाली की मांग भी उठाई गई है। यूनियन ने जिले के सभी मिड-डे मील वर्कर्स से 18 जुलाई को ताज पार्क में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर प्रदर्शन को सफल बनाने की अपील की है।

## फरार अंतरराज्यीय नशा तस्कर जीतू गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा सरकार के नशा मुक्त प्रदेश अभियान के तहत हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की कुरुक्षेत्र यूनिट ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अंतर्राज्यीय नशा तस्कर जीतू पुत्र गोवर्धन सिंह को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई ब्यूरो प्रमुख एवं अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी) संजय कुमार के निर्देशों पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत की गई। यूनिट प्रभारी इंस्पेक्टर मांगेराम ने बताया कि आरोपी थाना कलायत में दर्ज मुकदमा के तहत लंबे समय से फरार चल रहा था। गिरफ्तार आरोपी मध्यप्रदेश के अगर जिले का निवासी है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर सात दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है। रिमांड के दौरान उससे नशा तस्करी के नेटवर्क, सप्लाई चेन और इस कारोबार से जुड़े अन्य आरोपियों के संबंध में गहन पूछताछ की जाएगी।



## कलम व तलवार की ऐतिहासिक जंग ने दिखाई वंदे मातरम की कहानी

# कला कीर्ति भवन में नाटक युग परिवर्तन देख नम हुईं सैकड़ों आंखें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

संगीत नाटक अकादमी, नई दिल्ली द्वारा वंदे मातरम के रचनाकाल के 150 वर्ष पूर्ण होने और महाकवि कालिदास जयंती के ऐतिहासिक अवसर पर देशव्यापी अभियान चलाया गया। इस गौरवशाली राष्ट्रीय नाट्य उत्सव के अंतर्गत देशभर में 150 नाटकों के मंचन की श्रृंखला तैयार की गई। इसी कड़ी में कुरुक्षेत्र के कला कीर्ति भवन में हरियाणा कला परिषद के सहयोग से एक भव्य और ऐतिहासिक नाट्य संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें न्यू उत्थान थियेटर ग्रुप के प्रतिभावान कलाकारों द्वारा युग परिवर्तन, वंदे मातरम् की हुंकार नाटक का प्रभावशाली मंचन किया गया। इस नाटक का लेखन और निर्देशन रंगकर्मी विकास शर्मा द्वारा किया गया। इस मौके पर हरियाणा राज्य सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के अध्यक्ष सुभाष कलसाना बतौर मुख्यअतिथि पहुंचे। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ मुख्य अतिथि सुभाष कलसाना ने दीप प्रज्वलित कर की।



कुरुक्षेत्र। नाटक में प्रस्तुति देते कलाकार।

#### युग परिवर्तन नाटक का प्रभावशाली मंचन

कार्यक्रम के दौरान हरियाणा कला परिषद के उपाध्यक्ष महेश जोशी, न्यू उत्थान थियेटर ग्रुप के अध्यक्ष नीरज सेठी तथा सचिव शिवकुमार ने मुख्य अतिथि को शॉल, स्मृति चिन्ह तथा पौधा भेंटकर स्वागत किया। स्वागत भाषण में महेष जोशी ने कुरुक्षेत्र की ऐतिहासिक धरा पर पधारे सभी अतिथियों, दर्शकों और कलाकारों का अभिनंदन करते हुए नाटक की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। विकास शर्मा के निर्देशन में तैयार नाटक युग परिवर्तन की पटकथा वर्तमान और फ्लैशबैक के तालमेल पर आधारित रही। नाटक में दादा जी की भूमिका सागर शर्मा तथा पोती की भूमिका नव्या मेहता ने निभाई। वहीं बंकिम चंद्र, जेलर और जज की भूमिका में डा. राजीव कुमार, खुदीराम बोस, महेंद्र और अंग्रेजी वकील हितेश जंगम, भवानंद और मदन लाल ढिंगड़ा चंचल शर्मा, राजलक्ष्मी और सीता की भूमिका वेदिता, सावरकर और अंग्रेज अमरदीप जांगड़ा, सुमित्रा मनू महक माल्यान, हरिराम गौरव दीपक जांगड़ा, माणिक आकाशदीप, अंग्रेज सूर्यांश चावला, लक्ष्य, सुमित, संन्यासी ध्रुवम, यश ने निभाई। प्रकाश व्यवस्था पवन भारद्वाज तथा रुप सज्जा यशु भारद्वाज की रही। नाटक में संगीत संचालन विकास शर्मा द्वारा किया गया। नाटक के अंत में सभी कलाकारों को सम्मानित किया गया।

## खबर संक्षेप

### वाराणसी जाने वाले यात्रियों को मिलेगी राहत

**अंबाला।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जींद से नई ट्रेन संख्या 04686 संत रविदास एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इस नई ट्रेन की शुरुआत से पंजाब और हरियाणा से उत्तर प्रदेश के पवित्र शहर वाराणसी जाने वाले श्रद्धालुओं को बड़ी राहत मिलेगी। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, उद्घाटन के दिन यह ट्रेन जालंधर कैंट से वाराणसी के बीच स्पेशल ट्रेन के रूप में चलाई जा रही है।

### कार्यक्रम की तैयारियां पूरी: अजय सिंह तोमर

**अंबाला।** उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने बताया कि 17 को जींद से देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश की पहली हाईड्रोजन ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर लोगों को यह सौगात समर्पित करेंगे। इसी कड़ी में जिला स्तर पर प्रातः 10 बजे पुलिस डीएवी स्कूल के सभागार में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम दृष्टिगत सभी तैयारियां कर ली गई हैं। जींद से कार्यक्रम को यहां पर ऑनलाईन प्रक्रिया के माध्यम से यहां पर दिखाने का काम किया जाएगा।

### पीएम के जींद दौरे से जिले में धारा 163 लागू

**अंबाला।** जिलाधीश अजय सिंह तोमर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित जींद दौरे के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहित 2023 की धारा 163 के तहत आदेश जारी करते हुए 17 को जिले में नो फ्लाइंग जोन घोषित किया है। इसके तहत ड्रोन सहित सभी प्रकार के मानव रहित (यूएवी) हवाई यंत्र उड़ाने पर प्रतिबंध लगाने के आदेश जारी किए गए हैं। आदेशों के अनुसार ड्रोन तथा मानवरहित हवाई उपकरणों के उड़ाने पर प्रतिबंध रहेगा।

### रोजगार मेले में 60 युवाओं का किया चयन

**अंबाला।** सामाजिक न्याय तथा अधिकारिता, अनुसूचित जातियां एवं पिछड़े वर्ग कल्याण व अंत्योदय विभाग के तत्वाधान में प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना के अंतर्गत ग्रामीण कौशल एवं रोजगार मेले का आयोजन सारंगपुर व धुरकड़ा में किया। जिला कल्याण अधिकारी शीशपाल ने बताया कि चालू वर्ष के लिए 60 युवाओं को सीआईपीईटी आईपीटी मुरथल संस्थान में प्रशिक्षण देने के लिए पंजीकृत किया गया।

# अब स्कूलों में लगेगी सेवा, स्वच्छता और संस्कारों की पाठशाला

## शिक्षा विभाग ने शुरू किया श्रमदान पीरियड, विद्यार्थियों में विकसित होंगे नेतृत्व, अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारी के गुण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं होती बल्कि उसका वास्तविक उद्देश्य विद्यार्थियों को एक जिम्मेदार, संवेदनशील और जागरूक नागरिक बनाना भी होता है। इसी सोच को साकार करने की दिशा में शिक्षा विभाग ने सरकारी विद्यालयों में श्रमदान पीरियड लागू करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। विभाग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार अब विद्यालयों में निर्धारित समय पर विद्यार्थियों को श्रमदान गतिविधियों से जोड़ा जाएगा। इस दौरान बच्चे स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं स्वच्छ आदतों, जल संरक्षण, पौधारोपण एवं उनकी देखभाल, विद्यालय सौंदर्यीकरण, हाउस सिस्टम को सशक्त बनाने तथा सामुदायिक सेवा जैसे रचनात्मक कार्यों में भाग लेंगे। शिक्षा जगत और सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों ने इस निर्णय को समय की आवश्यकता बताते हुए इसकी सराहना की है। शिक्षा विभाग का मानना है कि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास तभी संभव है जब उन्हें केवल सैद्धांतिक ज्ञान ही नहीं बल्कि व्यवहारिक जीवन के मूल्यों से भी जोड़ा जाए। श्रमदान पीरियड का उद्देश्य विद्यार्थियों में श्रम के प्रति सम्मान, पर्यावरण संरक्षण की भावना, अनुशासन, आत्मनिर्भरता, टीम भावना और समाज के प्रति उत्तरदायित्व विकसित करना है। जब विद्यार्थी स्वयं विद्यालय परिसर की साफ-सफाई करेंगे, पौधे लगाएंगे, उनकी देखभाल करेंगे तथा जल संरक्षण जैसे कार्यों में भाग लेंगे, तब वे इन मूल्यों को जीवनभर अपनाएंगे। विद्यालय परिसर को स्वच्छ और हरित बनाने की दिशा में यह पहल महत्वपूर्ण साबित होगी। श्रमदान के माध्यम से बच्चे प्लास्टिक मुक्त परिसर, कचरा पृथक्करण, वर्षा जल संरक्षण, पौधारोपण और विद्यालय सौंदर्यीकरण जैसे अभियानों का हिस्सा बनेंगे। इससे न केवल विद्यालयों का वातावरण बेहतर होगा बल्कि विद्यार्थी अपने घरों और आसपास के समाज में भी स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश लेकर जाएंगे। विद्यालयों में कार्यरत एनएसएस इकाइयों और हाउस सिस्टम की सक्रिय भागीदारी से इन गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाया जाएगा।विशेषज्ञों का मानना है कि आज की पीढ़ी को तकनीकी शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक मूल्यों की शिक्षा देना भी अत्यंत आवश्यक है। मोबाइल और डिजिटल दुनिया के बढ़ते प्रभाव के बीच यदि बच्चों को सेवा, सहयोग और प्रकृति से जोड़ने का अवसर मिलेगा तो उनका व्यक्तित्व अधिक संतुलित और सकारात्मक बनेगा। श्रमदान पीरियड विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास और सामूहिक कार्य करने की आदत विकसित करेगा। यही गुण भविष्य में उन्हें एक बेहतर नागरिक और जिम्मेदार समाजसेवी बनने की प्रेरणा देंगे।राजकीय उच्च विद्यालय मंडौर की अंग्रेजी अध्यापिका सुमन कौर ने कहा कि विद्यालय केवल परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने का माध्यम नहीं बल्कि जीवन के संस्कार देने वाली संस्था है। श्रमदान पीरियड विद्यार्थियों को स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, अनुशासन और सामूहिक जिम्मेदारी का व्यवहारिक अनुभव देगा। जब बच्चे स्वयं अपने विद्यालय की सफाई करेंगे, पौधे लगाएंगे।



अध्यापिका सुमन कौर।



अंबाला। पौधरोपण करते बच्चे। फोटो : हरिभूमि

### जिम्मेदारी की भावना होगी विकसित

सामाजिक कार्यकर्ता बीरेंद्र सिंह ने शिक्षा विभाग की इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि किसी भी समाज की वास्तविक प्रगति तभी संभव है जब नई पीढ़ी में सेवा, सहयोग और जिम्मेदारी की भावना विकसित हो। श्रमदान पीरियड विद्यार्थियों को केवल सफाई करना नहीं सिखाएगा बल्कि समाज और राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का बोध भी कराएगा। आज पौधारोपण, जल संरक्षण और स्वच्छता जैसी गतिविधियां समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। यदि बच्चे विद्यालय से ही इन मूल्यों को अपनाएंगे तो आने वाले वर्षों में पूरा समाज इसका सकारात्मक परिणाम देखेगा। प्रत्येक विद्यार्थी को सप्ताह में मिलने वाले इस अवसर का पूरा लाभ उठाना चाहिए और इसे केवल एक पीरियड नहीं बल्कि अपने व्यक्तित्व निर्माण का माध्यम मानना चाहिए।

### नई सोच, नया बदलाव

शिक्षा विभाग की यह पहल स्पष्ट संदेश देती है कि शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य केवल डिग्री प्रदान करना नहीं बल्कि ऐसे नागरिक तैयार करना है जो समाज, पर्यावरण और राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझें। श्रमदान पीरियड विद्यार्थियों में सेवा, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित कर एक सशक्त, जागरूक और संस्कारित पीढ़ी तैयार करने की दिशा में एक सराहनीय और दूरदर्शी कदम साबित हो सकता है।

## शहर को सुंदर बनाने का लिया संकल्प

# पूर्व मंत्री असीम ने शहर में झाड़ू लगाकर दिया स्वच्छता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

स्वच्छता ही स्वागत अभियान के तहत वीरवार को पूर्व मंत्री असीम गोयल नन्यौला ने अंबाला शहर के मानव चौक के नजदीक स्वयं झाड़ू लगाकर एवं सफाई करके सभी को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। इस मौके पर उन्होंने अंबाला शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले सफाई कर्मियों को फूल-माला पहनाकर प्रोत्साहित भी किया। इससे पहले पूर्व मंत्री का यहां पहुंचने पर भाजपा के पदाधिकारियों, पार्षदगणों व अन्य ने पुष्प गुच्छ देकर उनका अभिनंदन किया। इस मौके पर उनके साथ नगर निगम कमिश्नर वीरेंद्र सहरावत, मेयर अक्षिता सैनी विशेष रूप से मौजूद रही। गोयल ने इस मौके पर सभी को स्वच्छता के बारे जागरूक करते हुए कहा कि स्वच्छता को हमें अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। स्वच्छता को अपनाकर हम अपने शहर, कस्बे, मोहल्ले व प्रदेश को स्वच्छ एवं सुंदर बना सकते हैं। उन्होंने इस मौके पर मीडिया से बातचीत करते यह भी कहा कि 17 को प्रधानमंत्री जींद जिले में मां जयंती देवी की पवित्र धरा पर आ रहे हैं। इस मौके पर वह देश की पहली हाईड्रोजन ट्रेन को झंडी दिखाकर लोगों को यह सौगात समर्पित करने का काम करेंगे। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश में नए-नए आयाम स्थापित करने का काम किया जा रहा है। देश निरंतर उन्नति के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर प्रदेशाध्यक्ष डा. अर्चना गुप्ता व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के दिशा-निर्देशानुसार पूरे प्रदेश में पिछले चार दिन से स्वच्छता ही स्वागत अभियान के तहत स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करने का काम किया जा रहा है। इसी कड़ी में यहां पर नगर निगम, सदस्य व अन्य लोगों द्वारा स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का काम किया जा रहा है। उन्होंने इस मौके पर यह भी कहा कि 17 का दिन प्रदेशवासियों के लिए एक गौरवशाली दिन है। इस दिन देश के यशस्वी प्रधानमंत्री करोड़ों रुपये की कई परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास करेंगे।



अंबाला। निगम अधिकारियों व सदस्यों के साथ झाड़ू लगाते हुए पूर्व मंत्री असीम गोयल। फोटो : हरिभूमि



अंबाला। ओपीडी का शुभारंभ करते पूर्व मंत्री असीम गोयल। फोटो : हरिभूमि

### अंबाला शहर सिविल अस्पताल में शुरू हुई न्यूरोलॉजी ओपीडी, मरीजों को मिलेगी राहत

**अंबाला।** अंबाला शहर के नागरिक अस्पताल में मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल ने सिविल अस्पताल में न्यूरोलॉजी ओपीडी का शुभारंभ किया। इस नई सुविधा से अब न्यूरोलॉजी से संबंधित बीमारियों से जूझ रहे मरीजों को इलाज के लिए दूसरे शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा।
नागरिक अस्पताल अंबाला शहर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल ने न्यूरोलॉजी ओपीडी का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य आम नागरिकों को बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश में लगातार स्वास्थ्य सुविधाएं बेहतर की जा रही है। अस्पताल आने वाले लोग भी सुविधाओं को लेकर काफ़ी संतुष्ट हैं। बता दें कि न्यूरोलॉजिकल बीमारियों के मरीजों को अब स्थानीय स्तर पर विशेषज्ञ चिकित्सकों की सलाह और उपचार मिल सकेगा। न्यूरोलॉजी ओपीडी प्रत्येक महीने के पहले और तीसरे बुधवार को संचालित होगी। इसमें न्यूरोलॉजी विशेषज्ञ मरीजों की जांच कर उन्हें आवश्यक परामर्श और उपचार उपलब्ध कराएंगे।



अंबाला। राय मार्केट में स्वच्छता अभियान का दृश्य। फोटो : हरिभूमि

### स्वच्छ भारत मिशन के वाइस चेयरमैन ने खुद लगाया झाड़ू

- कहा पीएम मोदी की अगुवाई के लिए पूरे प्रदेश में सीएम की ओर से चलाया जा रहा है अभियान

**अंबाला।** स्वच्छ भारत मिशन के वाइस चेयरमैन सुभाष चंद्र ने राय मार्केट में स्थित बावा पार्किंग में डिस्ट्रीक्ट टॉस्क फोर्स के सदस्यों व नगर परिषद् के अधिकारियों, कर्मचारियों के साथ स्वच्छता अभियान सहभागिता कर स्वच्छता का संदेश दिया। इससे पूर्व उनका यहां पहुंचने पर नगर परिषद् की चेयरपर्सन स्वर्ण कौर व ईओ देवेंद्र नरवाल ने पर्यावरण का प्रतीक पौधा देकर उनका स्वागत किया। चेयरमैन सुभाष चंद्र ने इस मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के आह्वान पर 19 तक स्वच्छता से स्वागत अभियान चलाया जा रहा है। 17 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रदेश में इतिहास बनाने के लिए पहुंच रहे हैं। उनके आगमन की खुशी में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी उनका स्वागत स्वच्छता से करना चाहते हैं। मुख्यमंत्री का कहना है कि जैसे हम दीपावली और अन्य राष्ट्रीय पर्वों पर सफाई करके अपने आंगन व घर को साफ सुथरा रखते हैं। ठीक इसी प्रकार से हमारा पूरा प्रदेश स्वच्छता का संदेश देकर प्रधानमंत्री का स्वागत करेगा। सुभाष ने कहा कि मुख्यमंत्री का उद्देश्य है कि पूरे प्रदेश के 22 जिलों में सभी वार्ड, कस्बों व गांवों में यह स्वच्छता का अभियान चले। स्वच्छता के माध्यम से पूरे प्रदेश की जनता प्रधानमंत्री का स्वागत करेगी। उन्होंने स्वच्छता अभियान के सफल आयोजन के लिए डिस्ट्रिक्ट टास्क फोर्स, नगर परिषद्, राय मार्केट के सभी दुकानदारों व अन्य गणमान्य व्यक्तियों को मुख्यमंत्री की तरफ से बधाई दी। इस मौके पर उन्होंने दुकानदारों से भी अपील की कि वे अपने आस-पास के क्षेत्र की स्वच्छता व्यवस्था को बनाए रखें। मौके पर नप सदस्य शिवाजी काकरान, अंशुल आदि मौजूद रहे।



अंबाला। सेंट्रल जेल का मुआयना करते डीसी अजय सिंह तोमर व अन्य अधिकारी।

### उपायुक्त ने जेल में बंदियों को दी जा रही सुविधाओं का किया अवलोकन

- रसोई घर के साथ बेकरी यूनिट व कंट्रोल रुम का भी मुआयना किया

**अंबाला।** उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने वीरवार को केंद्रीय कारागार का निरीक्षण करते हुए कम्पयूटर कक्ष, रसोई घर, जेल रेडियो, लाईब्रेरी, कैंटीन, बेकरी यूनिट, कंट्रोल रूम के साथ-साथ अन्य स्थानों का जायजा लिया। इस मौके पर उपायुक्त ने जेल परिसर में पौधारोपण भी किया। उनके साथ जेल अधीक्षक सतविंद्र गोदारा, नगराधीश अभिषेक गर्ग व जेल के अन्य अधिकारी मौजूद रहे। तोमर ने केंद्रीय कारागार के निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक से बंदियों की विस्तार से जानकारी ली। सुरक्षा की दृष्टि से केंद्रीय कारगार में जो कंट्रोल रूम बनाया गया है उसकी भी जानकारी हासिल की। निरीक्षण करते हुए रसोई घर में बंदियों के लिए जो भोजन उपलब्ध करवाया जाता है, उसकी व्यवस्थाओं को भी देखा। उन्होंने जेल अधीक्षक से बंदियों को दी जाने वाली चिकित्सा सुविधाओं की भी जानकारी ली। उपायुक्त ने बंदियों के लिए उपलब्ध सुविधाओं का भी जायजा लिया। जेल अधीक्षक ने उपायुक्त को बताया कि जिन बंदियों को कानूनी सहायता की आवश्यकता होती है, उन्हें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा कानूनी सेवाएं उपलब्ध करवाई जाती हैं। उपायुक्त ने बंदियों द्वारा रेडियो पर धुन कार्यक्रम के माध्यम से मनपंसद गाने बजाए जाने वाले स्थान का भी निरीक्षण किया। उन्होंने म्यूजिक रूम का भी जायजा लिया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

### फोरमैन व 3 ट्यूबवेल ऑपरेटरों के विरुद्ध जांच के निर्देश दिए

- बोरवेल में गिरने से मौत का शिकार हुए बच्चे के परिजनों ने विज से की मुलाकात

**अंबाला।** ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने जनस्वास्थ्य विभाग के फोरमैन और विभिन्न ट्यूबवेलों पर तैनात ट्यूबवेल ऑपरेटरों के खिलाफ कार्य नहीं करने की शिकायत पर संज्ञान लेते हुए विभाग के एसई को मामले में जांच कर सात दिनों के भीतर रिपोर्ट जमा कराने के निर्देश दिए। अंबाला छावनी के वार्ड नंबर दस से नप सदस्य रमन छतवाल ने विज को शिकायत देते हुए आरोप लगाया कि जनस्वास्थ्य विभाग में कार्यरत एक फोरमैन व उसके तीन रिश्तेदार जोकि ट्यूबवेल ऑपरेटरों के पद पर कार्यरत हैं सही तरीके से काम नहीं कर रहे हैं। उनका आरोप था कि फोरमैन द्वारा ऑपरेटरों को अपने निजी कार्य में लगवाया जा रहा है जिससे पेयजल आपूर्ति भी प्रभावित हो रही है। इसके अलावा उन्होंने फोरमैन व ट्यूबवेल ऑपरेटरों पर अन्य आरोप भी लगाए। विज ने मामले में संज्ञान लेते हुए विभाग के एसई को मामले में जांच कर रिपोर्ट सात दिनों में देने के निर्देश दिए।



अंबाला। मंत्री अनिल विज से आशीर्वाद लेते हुए नवनियुक्त युवा प्रभारी व अन्य।

### आरटीएस की नई कार्यकारिणी गठित

**अंबाला।** अंबाला शहर के नागरिक अस्पताल में वीरवार को आरटीएस की पूर्व प्रधान जागीर सिंह के नेतृत्व में अहम मीटिंग हुई। इस दौरान सीएचसी, पीएचसी व नागरिक अस्पताल में तैनात कर्मचारियों ने सर्वसम्मति से चालक निर्मल सिंह को आरटीएस का प्रधान चुन लिया। निर्मल सिंह के साथ ही चालक राकेश कुमार की बतौर उपप्रधान ताजपोशी की गई। दोनों पदाधिकारियों की नियुक्ति के बाद सर्वसम्मति से आरटीएस की कार्यकारिणी का भी गठन किया गया। पूरी कार्यकारिणी प्रधान निर्मल सिंह व उपप्रधान राकेश कुमार के नेतृत्व में चालक व दूसरे कर्मचारियों के हितों को लेकर काम करेगी। कार्यकारिणी में राजेश कुमार को कैशियर, उमेश कुमार को सचिव, जागीर सिंह व गुरजिंद्र सिंह को सहायक व अनिल कुमार को मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया।

### स्कूल बसों की जांच, सुरक्षा मानकों पर कसा शिकंजा

- अधिकारियों ने चालकों-परिचालकों को दिए बच्चों की सुरक्षा के लिए जरुरी दिशा-निर्देश

**बराड़ा।** सुरक्षित स्कूल वाहन नीति के तहत डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल की स्कूल बसों का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया गया। निरीक्षण पुलिस विभाग की ओर से इंस्पेक्टर विजय कुमार व उनकी टीम तथा शिक्षा विभाग की ओर से खंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) जगदीश व उनकी टीम ने किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बसों में सुरक्षा मानकों की गहनता से जांच की। बसों के दस्तावेज, आपातकालीन निकास, फर्स्ट एड बॉक्स, अग्निशमन यंत्र, सीटों की स्थिति सहित अन्य सुरक्षा व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। साथ ही बस चालकों एवं परिचालकों को बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने चालकों को निर्धारित गति सीमा का पालन करने, तय रूट से ही बस संचालित करने, यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करने तथा विद्यार्थियों के प्रति संवेदनशील और अनुशासित व्यवहार रखने के लिए प्रेरित किया।



बराड़ा। बच्चों की सुरक्षा को लेकर चालकों को जरूरी दिशा निर्देश देते हुए।

## 8,600 से ज्यादा सरकारी प्राइमरी स्कूलों में लागू रियल-टाइम लर्निंग मॉनिटरिंग सिस्टम

# अब मोबाइल पर दर्ज हुआ बच्चों की पढ़ाई का डाटा

रहमदीन ▶▶| बराड़ा

सरकारी स्कूलों में बच्चों की पढ़ाई अब रजिस्टरों की धूल भरी फाइलों में कैद नहीं रहेगी। प्रदेश सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में एक बड़ा डिजिटल कदम उठाते हुए प्रदेश के 8,600 से अधिक सरकारी स्कूलों में रियल-टाइम लर्निंग मॉनिटरिंग सिस्टम लागू कर दिया है। इसकी खास बात यह है कि शिक्षक जैसे ही मोबाइल पर बच्चे की पढ़ाई का रिकॉर्ड दर्ज करता है, वह जानकारी कुछ ही सेकंड में ब्लॉक, जिला और राज्य स्तर तक के अधिकारियों की स्क्रीन पर पहुंच जाती है। इतना ही नहीं, मेंटर्स द्वारा स्कूलों में जाकर किए जाने वाले औचक स्पॉट असेसमेंट का डेटा भी तुरंत सिस्टम में दर्ज हो जाता है, ताकि पढ़ाई में पिछड़ रहे बच्चों की पहचान कर उन्हें समय रहते सही मदद दी जा सके।

### 32 हजार शिक्षक, 3.5 लाख विद्यार्थी, एक क्लिक पर पूरा डेटा

हरियाणा राज्य के 'निपुण हरियाणा डिजिटल मॉनिटरिंग सिस्टम' से इस समय करीब 32 हजार शिक्षक, 3 हजार से अधिक मेंटर व अधिकारी और हर साल 3.5 लाख से ज्यादा विद्यार्थी सीधे जुड़े हुए हैं। नतीजा यह है कि समीक्षा बैठकों में अब महीनों पुरानी कागजी रिपोर्टों का इंतजार नहीं करना पड़ता। अधिकारी लाइव डैशबोर्ड देखकर मौके पर ही फैसले ले रहे हैं। शिक्षा विभाग की माने तो इस बदलाव से न सिर्फ निर्णय लेने की रफ्तार बढ़ी है, बल्कि कमजोर बच्चों की पहचान कर उन तक तुरंत सुधारात्मक कदम पहुंचाना भी अब मुमकिन हो गया है। गौरतलब है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 और निपुण भारत मिशन के तहत हर बच्चे को कक्षा तीन तक बुनियादी साक्षरता और गणितीय दक्षता देने का लक्ष्य तय किया गया है। प्रदेश ने इस राष्ट्रीय लक्ष्य को तकनीक से जोड़ते हुए शिक्षकों, मेंटरों, अभिभावकों और अधिकारियों को एक ही डिजिटल मंच पर ला खड़ा किया है, जिससे पूरी व्यवस्था पहले से कहीं अधिक पारदर्शी और जवाबदेह बन गई है।

### ऐसे काम करता है मॉनिटरिंग सिस्टम

सबसे पहले शिक्षक मोबाइल ऐप के जरिए विद्यार्थियों की प्रगति, मूल्यांकन, उपस्थिति और कक्षा गतिविधियों का रिकॉर्ड दर्ज करते हैं। इसके बाद ब्लॉक स्तर के मेंटर बिना पूर्व सूचना के स्कूल पहुंचकर बच्चों का स्पॉट असेसमेंट करते हैं। यह डेटा तुरंत ऑनलाइन अपलोड होकर राज्य स्तरीय डैशबोर्ड पर दिखाई देने लगता है। किसी भी स्कूल, ब्लॉक या जिले की असल तस्वीर चंद पलों में सामने आ जाती है

### आंकड़ों में दिखा बदलाव का असर

स्वतंत्र अध्ययनों से सामने आए नतीजों की मानें तो प्रदेश के 70 से 75 प्रतिशत विद्यार्थी अब अपनी कक्षा के अनुरूप तय सीखने के लक्ष्य हासिल कर रहे हैं। विशेषज्ञ इसका श्रेय तकनीक आधारित निगरानी, नियमित शिक्षक प्रशिक्षण और समय पर शैक्षणिक हस्तक्षेप को देते हैं। प्रदेश के सभी 22 जिलों में लागू इस प्रणाली के तहत हर महीने करीब 1.5 लाख स्पॉट असेसमेंट और 15 हजार से अधिक क्लासरूम ऑब्जर्वेशन किए जा रहे हैं। इससे शिक्षकों का मूल्यांकन कार्य लगभग 50 प्रतिशत तेज हुआ है, वहीं मेंटरों द्वारा स्कूल भ्रमण के नियमों के पालन की दर 75.55 प्रतिशत तक पहुंच गई है। आंकड़ों की सत्यता बनाए रखने के लिए हरियाणा ने दो-स्तरीय मूल्यांकन प्रणाली भी अपनाई है एक तरफ मेंटर खुद स्कूल जाकर बच्चों का मौखिक परीक्षण करते हैं, तो दूसरी तरफ एक स्वतंत्र एजेंसी डिजिटल प्लेटफॉर्म के जरिए हर साल सर्वे कराती है। इससे सरकारी आंकड़ों का स्वतंत्र सत्यापन भी हो जाता है और व्यवस्था पर भरोसा और मजबूत होता है।

### किसान से 3.50 लाख की ठगी

**अंबाला।** नग्गल थाना क्षेत्र के जनसुई गांव के किसान को खुद को विदेश में रहने वाला भतीजा बताकर ठगों ने 3.50 लाख रुपये खाते में ट्रांसफर करा लिए। ठगों ने किसान को गिफ्ट और रुपये भेजने का लालच दिया। बैंक खाते में बड़ी रकम आने का झांसा देकर उनसे मोटी रकम जमा करवा ली। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में मक्खन सिंह ने बताया कि 4 जुलाई को उनके व्हाट्सएप पर एक अनजान नंबर से कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को उनका भतीजा सतनाम सिंह (यूएसएस) बताया। इसके बाद एक अन्य नंबर से कॉल कर कहा कि वह उनके और उनकी पत्नी के लिए विदेश से मोबाइल, घड़ी और कपड़े भेज रहा है।